भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1328
उत्तर देने की तारीख 08.12.2025

रामपुर रजा पुस्तकालय का कार्यकरण

1328. श्री मोहिब्बुल्लाह :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रामपुर रजा पुस्तकालय की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों सहित वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक के लिए आवश्यक नियुक्ति प्रक्रिया एवं योग्यता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की पुस्तकालय की अवसंरचना एवं सेवाओं के उन्नयन या आधुनिकीकरण की कोई योजना है; और

(घ) पुस्तकालय के संग्रह को विस्तार देने एवं शोधकर्ताओं एवं जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): रामपुर रजा पुस्तकालय, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त संस्था है जिसकी स्थापना 7 अक्तूबर, 1774 को की गई थी और इसे बाद में रामपुर रजा पुस्तकालय अधिनियम, 1975 के तहत राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित कर दिया गया था।

यह पुस्तकालय 17,000 दुर्लभ वस्तुओं के संग्रह को परिरक्षित करता है जिनमें लगभग 4,000 पेंटिंग सहित 150 सचित्र पांडुलिपियां और 205 हस्तलिखित ताड़पत्र पांडुलिपियां सम्मिलित हैं। यहां 300 कलाकृतियों और 1,362 ऐतिहासिक सिक्कों के साथ-साथ 84 एलबमों में संकलित इस्लामी सुलेखन (कैलीग्राफी) के लगभग 2,000 नमूने भी मौजूद हैं। इस पुस्तकालय में लगभग 67,000 मुद्रित पुस्तकों के साथ-साथ आवधिक पत्रिकाओं का भी समृद्ध और विविध संग्रह मौजूद है।

(ख): भर्ती नियमों के अनुसार, रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक का पद प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) पर भरा जाता है। तत्संबंधी अपेक्षित अर्हताएं निम्नानुसार हैं:

अनिवार्य अर्हता:

(i) अरबी या फारसी या उर्दू या हिंदी या संस्कृत या इतिहास का प्रख्यात विद्वान जो संभवत: मध्यकालीन इतिहास या इस्लामी अध्ययन या सामाजिक विज्ञान के ऐसे किसी समान क्षेत्र से संबंधित हो;

(ii) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से उपर्युक्त क्षेत्रों में से किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री;

(iii) उपरोक्त अनिवार्य अर्हता के अंतर्गत यथाउल्लिखित विषयों में से किसी भी विषय में पीएचडी की डिग्री;

वांछनीय अर्हता:

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान या कम्प्यूटर साइंस या डेटा प्रोसैसिंग में डिग्री या डिप्लोमा;

(ii) संगत विषय पर पुस्तकें या शोध पत्र प्रकाशित किए गए हों; और

(iii) किसी सदृश पुस्तकालय, विश्वविद्यालय या अन्य शिक्षण या शोध संस्था में शिक्षण या शोध या प्रशासन का उपयुक्त अनुभव।

नियुक्ति प्रक्रिया के तहत एक खुला विज्ञापन जारी किया जाता है जिसके पश्चात चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से जांच और चयन किया जाता है। तत्पश्चात चयनित अभ्यर्थी का नाम सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाता है।

(ग): रामपुर रजा पुस्तकालय को संस्कृति मंत्रालय द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित किया जाता है। इन निधियों का उपयोग पुस्तकालय की अवसंरचना और सेवाओं के स्तरोन्नयन तथा आधुनिकीकरण के लिए भी किया जाता है।

(घ): रामपुर रजा पुस्तकालय अपनी पांडुलिपियों, मुद्रित पुस्तकों एवं अन्य संग्रहों को डिजिटलीकृत करता है ताकि पुस्तकालय के संग्रहों का प्रचार किया जा सके और उन्हें शोधकर्ताओं तथा जनता के लिए और अधिक सुलभ बनाया जा सके।

****